Amit Singh Negi
Secretary

Government of Uttarakhand

Department of Medical, Health and Family Welfare and Medical Education
Government of Uttarakhand
4 -Subhash Road, Dehradun

Letter No. 487/PS/Sec-MH/2020
Dated 25 June. 2020

सेवा में,

1. समस्त नगर आयुक्त,
   नगर निगम, उत्तराखण्ड।

2. समस्त अधिशासी अधिकारी,
   नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उत्तराखण्ड।

विषय : डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु कार्यवाही विषयक।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित है कि आगामी माहों में डेंगू रोग के संचरण की सम्भावना प्रबल हो जाती है। डेंगू रोग एक मच्छर जनित रोग है जो कि कूलर, फूलदान, गमले, खुली पानी की टंकी, पुराने टायर, एकत्रित कबाड, इत्यादि में जमा पानी में पैदा होते हैं। डेंगू रोग के रोकथाम के लिए जन सहभागिता अत्यन्त आवश्यक है। पूर्व में भी उत्तराखण्ड राज्य में स्थानीय पार्षदों द्वारा डेंगू की रोकथाम में प्रबल नेतृत्व के साथ कार्यवाही की गई।

अतः आप अपने स्तर से इस वर्ष भी समस्त पार्षदों का डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सहयोग प्राप्त करने का कष्ट करें। समस्त पार्षदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जाये, साफ-सफाई का दैनिक अनुश्रवण किया जाये। निगम एवं नगर पंचायत क्षेत्रों मे ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये जहां मच्छर पनपने का खतरा बना रहता है जैसे पुराने टायर के गोदाम इत्यादि। पार्षदों द्वारा क्षेत्र में डेंगू निरोधात्मक गतिविधियां कर रही टीमों को सहयोग किया जाना भी अपेक्षित है।

इसके अतिरिक्त आप अपने स्तर से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ परिसीमान्त उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू निरोधात्मक गतिविधियां जैसे सोर्स रिडक्शन (डेंगू मच्छर के पैदा होने के स्थान को नष्ट करना), फॉगिंग, प्रचार प्रसार आदि कराने का कष्ट करें।

(अमित सिंह नेगी)

पत्र संख्या : तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्न को संज्ञानार्थ प्रेषित :

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. सचिव, शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव प्रभारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन ।
4. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन ।
5. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
6. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।

Scanned with CamScanner